CBSE Class 6 Social Science Important Questions History Chapter 1 क्या, कब, कहाँ और कैसे

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
संग्राहक किन वस्तुओं का संग्रह करते थे?
उत्तर:
संग्राहक भोजन के लिए जड़ों, फलों तथा जंगल के अन्य उत्पादों का संग्रह करते थे।

प्रश्न 2.
सर्वप्रथम कौनसी फसल उपजाई गई?
उत्तर:
सर्वप्रथम गेहूँ तथा जी जैसी फसलें उपजाई गई।

प्रश्न 3.
सहायक नदियाँ किन्हें कहते हैं?
उत्तर:
सहायक नदियाँ उन्हें कहते हैं जो एक बड़ी नदी में मिल जाती हैं।

प्रश्न 4.
प्राचीनकाल के एक विशाल राज्य का नाम बताइये।
उत्तर:
मगध।

प्रश्न 5.
मगध वर्तमान के कौनसे राज्य का हिस्सा था?
उत्तर:
मगध वर्तमान के बिहार राज्य का हिस्सा था।

प्रश्न 6.
कभी - कभी यात्राएँ जोखिम भरी क्यों होती थीं?
उत्तर:
कभी - कभी हिमालय जैसे ऊँचे पर्वतों, पहाड़ियों, रेगिस्तान, नदियों, समुद्रों तथा जंगलों के कारण यात्राएँ जोखिम भरी होती थीं।

प्रश्न 7.
दक्षिण एशिया में कौनसे देश शामिल हैं?
उत्तर:
दक्षिण एशिया में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और श्रीलंका शामिल हैं।

प्रश्न 8.
इण्डिया शब्द किससे निकला है? इसे संस्कृत में क्या कहा जाता है?
उत्तर:
इण्डिया शब्द इण्डस से निकला है जिसे संस्कृत में सिंधु कहा जाता है।

प्रश्न 9.
पाण्डुलिपि किसे कहते हैं?
उत्तर:
हाथ से लिखी पुस्तकों को पाण्डुलिपि कहते हैं।

प्रश्न 10.
पाण्डुलिपियाँ कहाँ प्राप्त होती हैं?
उत्तर:
पाण्डुलिपियाँ प्रायः मन्दिरों और विहारों में प्राप्त होती

प्रश्न 11.
अभिलेख किसे कहते हैं?
उत्तर:
पत्थर अथवा धातु जैसी अपेक्षाकृत कठोर सतहों पर उत्कीर्ण लेख अभिलेख कहलाते हैं।

प्रश्न 12.
पुरातत्वविद् किसे कहते हैं?
उत्तर:
अतीत में बनी और प्रयोग में लाई जाने वाली वस्तुओं की खोज एवं अध्ययन करने वाले व्यक्ति पुरातत्वविद् कहलाते हैं।

प्रश्न 13.
इतिहासकार किसे कहते हैं?
उत्तर:
इतिहासकार उन्हें कहते हैं जो अतीत का अध्ययन करते हैं।

प्रश्न 14.
वर्ष की गणना कब से की जाती है?
उत्तर:
वर्ष की गणना ईसाई धर्म-प्रवर्तक ईसा मसीह के जन्म की तिथि से की जाती है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
संग्राहकों की कोई तीन विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:

1. संग्राहक आस - पास के जंगलों की विशाल संपदा से परिचित थे।
2. अपने भोजन के लिए वे जड़ों, फलों तथा जंगल के अन्य उत्पादों का संग्रह किया करते थे।
3. कुशल संग्राहक जानवरों का आखेट (शिकार) भी करते थे।

प्रश्न 2.
सुलेमान और किरथर पहाड़ियों के क्षेत्र में जीवन का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
इस क्षेत्र में कुछ ऐसे स्थान हैं जहाँ लगभग 8 हजार वर्ष पूर्व स्त्री - पुरुषों ने सबसे पहले गेहूं तथा जौ जैसी फसलों को उपजाना आरम्भ किया। उन्होंने भेड़, बकरी और गाय - बैल जैसे पशुओं को पालतू बनाना शुरू किया। ये लोग गाँवों में रहते थे।

प्रश्न 3.
दक्षिण एशिया को उपमहाद्वीप क्यों कहा जाता है?
उत्तर:
दक्षिण एशिया एक महाद्वीप से छोटा है, लेकिन इसकी विशालता तथा बाकी एशिया से समुद्रों, पहाड़ियों तथा पर्वतों से बंटे होने के कारण इसे प्रायः उपमहाद्वीप कहा जाता है।

प्रश्न 4.
मगध राज्य का संक्षिप्त वर्णन करो।
अथवा
मगध नाम से किस क्षेत्र को जाना जाता था?
उत्तर:
गंगा के दक्षिण में गंगा तथा इसकी सहायक नदी सोन के आस - पास का क्षेत्र प्राचीन काल में 'मगध' (वर्तमान बिहार में) नाम से जाना जाता था। इसके शासक बहुत शक्तिशाली थे और उन्होंने एक विशाल राज्य स्थापित किया था।

प्रश्न 5.
हमारे देश के नाम के इतिहास का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
अपने देश के लिए हम प्रायः इण्डिया तथा भारत जैसे नामों का प्रयोग करते हैं। इण्डिया शब्द इण्डस से निकला है जिसे संस्कृत में सिंधु कहा जाता है। लगभग 2500 वर्ष पूर्व उत्तर - पश्चिम की ओर से आने वाले ईशनियों और यूनानियों ने सिंधु को हिंदोस अथवा इंदोस और इस नदी के पूर्व में स्थित भूमि प्रदेश को इण्डिया कहा। भरत नाम का प्रयोग उत्तर - पश्चिम में रहने वाले लोगों के एक समूह के लिए किया जाता था। बाद में इसका प्रयोग देश के लिए होने लगा।

प्रश्न 6.
'पाण्डुलिपि' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
हाथ से लिखी पुस्तकों को पाण्डुलिपि कहा जाता है। अंग्रेजी में 'पाण्डुलिपि' के लिए प्रयुक्त होने वाला

"मैन्यूस्क्रिप्ट" शब्द लैटिन शब्द 'मेनू', जिसका अर्थ हाथ है, से निकला है। अतीत में लिखी पाण्डुलिपियाँ प्रायः ताड़पों अथवा हिमालय क्षेत्र में उगने वाले भूर्ज नामक पेड़ की छाल से विशेष तरीके से तैयार भोजपत्र पर लिखी मिलती हैं।

प्रश्न 7.
अण्डमान द्वीप एवं शहरों में रहने वाले लोगों के भोजन प्राप्ति के तरीकों में क्या अन्तर है?
उत्तर:
अंडमान द्वीप के अधिकांश लोग अपना भोजन मछलियाँ पकड़ कर, शिकार करके तथा फल-फूल के संग्रह द्वारा प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत शहरों में रहने वाले लोग खाद्य आपूर्ति के लिए अन्य व्यक्तियों पर निर्भर करते हैं।

प्रश्न 8.
तिथियों के साथ लगाये जाने वाले बी.सी. तथा ए.डी. से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
तिथियों के साथ लगाये जाने वाले बी.सी. का तात्पर्य "विफोर क्राइस्ट" (ईसा पूर्व) होता है। ईसा मसीह के जन्म के पूर्व की सभी तिथियाँ बी.सी. (ई.पू.-ईसा से पहले) के रूप में जानी जाती हैं। इसी प्रकार तिथियों के साथ लगा ए.डी. (ई.) शब्द का आशय ईसा मसीह के जन्म के वर्ष से है। यह 'एनो डॉमिनी' नामक दो लैटिन शब्दों से बना हैं।

https://www.evidyarthi.in/